19/संख्या- 1824/बयालिस-2013-09(निर्माण)/2012

प्रेषक,

भुवनेश कुमार,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 06 अगस्त, 2014**

विषय- सैफई जनपद इटावा में स्पोर्टस कालेज के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- जी0- 271/नि0 सैफई स्पो0 का0 पत्रा0/2012-13, दिनांक 18 जुलाई, 2014 एवं शासनादेश संख्या- 2422/बयालिस-2012-09(निर्माण)/2012, दिनांक 18 दिसम्बर, 2012, 922/ बयालिस-2012-09(निर्माण)/2012, दिनांक 03 जून, 2013 एवं 2832/ बयालिस-2012-09(निर्माण)/2012, दिनांक 22 अक्टूबर, 2013 तथा शासनादेश संख्या- 1055/बयालिस-2013, दिनांक 28 अप्रैल, 2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष- 2014-15 में सैफई जनपद इटावा में स्पोर्टस कालेज के निर्माण हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 590.00 लाख में से अवशेष धनराशि रू0 393.00 लाख (रू0 तीन करोड़ तिरानबे लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति महामहिम राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :-

(1)- स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके सम्बन्धित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 को उपलब्ध करायी जायेगी।

(2)- स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार दो समान किश्तों मे किया जायेगा। प्रथम किश्त के 75 प्रतिशत उपयोग के पश्चात उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त् कर द्वितीय किश्त अवमुक्त की जायेगी।

(3)- स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यों/मदों में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यों/मदों में धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

(4)- स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0/बैंक खाते आदि में नहीं रखी जायेगी।

(5)- प्रश्नगत प्रायोजना विषयक पूर्व निर्गत शासनादेशों क्रमश: दिनांक 18.12.2012, दिनांक 03.06.2013, दिनांक 22.10.2013 तथा दिनांक 28.04.2014 में उल्लिखित अन्य शर्तें आदि यथावत रहेंगी।

.....2/-

http://bhasanadesh.up.nic.in

(6)- कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी निदेशक, खेल एवं कार्यदायी संस्था की होगी।

2- उक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष- 2014-15 में अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत- 03 खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय- 50 जनपद इटावा स्थित सैफई में स्पोर्टस कालेज का निर्माण- 24-वृहद निर्माण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- बी0-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22.07.2014 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,

(भुवनेश कुमार)
सचिव।

संख्या- 1824/बयालिस-2014-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
4- जिलाधिकारी, इटावा।
5- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण लिगम लि0 लखनऊ।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
8- नियोजन अनुभाग- 4
9- क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी कानपुर/क्रीड़ाधिकारी, सैफई (इटावा)।
10- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर प्रति।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in